कार्यालय
अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल–द्वितीय
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि०
घण्टाघर, सहारनपुर।

पत्रांकः– 1900 / वि०वि०म०द्वितीय/स०पुर/निविदा

दिनांक :– 30/08/23

विज्ञापन व्यवस्थापक
हिन्दुस्तान
मेरठ (संस्करण)।

विज्ञापन व्यवस्थापक
विश्वमानव
सहारनपुर (संस्करण)।

## विज्ञापन आदेश

महोदय,

कृपया संलग्न 1 नं० विज्ञापन निविदा सूचना अपने प्रतिष्ठित दैनिक/साप्ताहिक समाचार पत्र में दिनांक 31.08.2023 तक के अंक में कम से कम स्थान में (हिन्दी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 8–10 प्वाइन्ट टाइप में तथा अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 6–8 प्वाइन्ट टाइप में (समाचार पत्रों के केवल एक कालम में) प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हैडिंग व नीचे का नाम व पता यथा सम्भव एक ही लाईन में रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें।

1. स्थानीय प्रकृति की सूचनाएँ जैसे बिजली, बन्द रहने की सूचना, उपभोक्ता शिविर लगाने की सूचनाएँ बिजली बिलों के सम्बन्ध में सूचना आदि का प्रकाशन यथा सम्भव समाचार पत्र के स्थानीय पृष्ठ पर तथा निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ट पर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
2. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ, विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन को दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियां संलग्न करते हुये भुगतान हेतु प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि०, मेरठ को/अधोहस्ताक्षरी को (जहां भुगतान क्षेत्रीय स्तर पर होना है) प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान सम्भव नहीं होगा।
3. संलग्न हिन्दी/अंग्रेजी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र में अंग्रेजी भाषा में तथा हिन्दी समाचार पत्र में केवल हिन्दी भाषा में ही किया जायें। हिन्दी समाचार पत्र के लिये संलग्न अंग्रेजी भाषा की सामग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा में करने के उपरान्त ही विज्ञापन पकाशित किया जाये जिसके लिये समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नही होगा।
4. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान नही किया जायेगा।
5. यदि आपकी सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकृत न हो तो कृपया विज्ञापन को प्रकाशित न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।
6. विज्ञापन के अन्त में सबसे नीचे छोटे टाइप मे राष्ट्रीय हित में बिजली बचाएँ का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक अवश्य प्रकाशित करें।
7. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गन्दे अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में कारपोरेशन द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है।

संलग्नक–1–विज्ञापन आदेश प्रथम एवं द्वितीय प्रति

भवदीय,

अधीक्षण अभियन्ता

पत्रांकः– 1900 / दिनांकः– 30/08/23

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि०, विक्टोरिया पार्क मेरठ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि संलग्नित निविदाए निगम की वेबसाईट पर अपलोड कराने की कृपा करें।
2. मुख्य अभियन्ता (वितरण) सहारनपुर क्षेत्र, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि०, सहारनपुर।
3. सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, प०वि०वि०नि०लि०, मेरठ
4. उप मुख्य लेखाधिकारी, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि०, जोनल कार्यालय सहारनपुर।
5. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–द्वितीय, सहारनपुर/रामपुरमनिहारान/नकुड।
6. N.I.E.L.T. (Doeacc Center) Unit, PVVNL को डिस्काम की वेबसाईट पर अपलोड करने के लिये।
7. नोटिस बोर्ड

अधीक्षण अभियन्ता

## पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0,
## ई–निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु बिजनेस प्लान योजना के अन्तर्गत अतिरियत्त धन की उपलब्ता के मद में प्रस्तावित ई–निविदाऐं आंमत्रित की जाती है:-

1. ई–निविदा सं0 92/ड़ब्लू/2023-24 :- वि0वि0ख0 रामपुर मनिहारन के कार्यक्षेत्र में 25 के0वी0ए0 परिवर्तको के अतिभारित होने पर क्षमतावृद्वि कर 63 के0वी0ए0 करने का कार्य।
2. ई–निविदा सं0 93डब्लू/2023-24 :- वि0वि0ख0 रामपुर मनिहारन के कार्यक्षेत्र में 63 के0वी0ए0 परिवर्तको के अतिभारित होने पर क्षमतावृद्वि कर 100 के0वी0ए0 करने का कार्य।
3. ई–निविदा सं0 94डब्लू/2023-24 :-वि0वि0ख0 द्वितीय के कार्यक्षेत्र मे 100 के0वी0ए0 अतिभारित होने पर क्षमतावृद्वि कर 250 के0वी0ए0 करने हेतु कार्य।
4. ई–निविदा सं0 95डब्लू/2023-24 :-वि0वि0ख0 द्वितीय के कार्यक्षेत्र मे नगर निकाय के अन्तर्गत 100 के0वी0ए0 परिवर्तक के अतिभारित होने के कारण क्षमतावृद्वि 250 के0वी0ए0 कर एवं अलग से 250 के0वी0ए0 रखने हेतु कार्य।

उपरोक्त ई–निविदा की खुलने की दिनांक 30.09.2023 को 13.00 बजे तक जमा की जायेगी तथा इनका प्रथम भाग उसी दिन 14:00 बजे के बाद खोला जायेगा। निविदा की विस्तृत जानकारी एवं निविदा मे यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि मे विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई–टैण्डर वैबसाईट **www.pvvnl.org**, तथा निगम की वैबसाईट **www.etender.up.nic.in** पर उपलब्ध करायी जायेगी।

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल–द्वितीय, सहारनपुर

GYA[illegible]MAR
Supe[illegible]
E.D.C.-II, Saharanpur
SAP ID-11007434